तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025


12 दिव्यांगजन किसी से कम नहीं, बल्कि विशेष...



12 अनुराग राज्य स्तरीय गहिरा गुरु लोक शिक्षक अवार्ड 2025 से...





## खबर संक्षेप

### किसानों के पंजीयन की समय-सीमा बढ़ी 15 तक

**जगदलपुर।** कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने उन कैरीफारवर्ड, डूबान एवं वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन हेतु विशेष प्रावधान उपलब्ध करा दिया है, जिनकी पंजीयन कार्रवाई विभिन्न विभागों में प्रक्रियाधीन होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इन विशिष्ट कृषकों के पंजीयन के लिए 15 दिसंबर तक समस्त समितियों के समिति लॉगिन में यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त आदेश के मद्देनजर कलेक्टर हरिस एस ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों सहित खाद्य नियंत्रक, कृषि विभाग के उप संचालक, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक और सहकारिता विभाग को इस संबंध में तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### 3 परिवारों को दी गई 12 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। दरभा तहसील के ग्राम लेण्ड्रा निवासी बिलासी की मृत्यु पानी डूबने से पति सोनिया को, ग्राम छिन्दावाड़ा निवासी बोधा की मृत्यु पानी में डूबने से हुई। तहसील जगदलपुर के ग्राम पण्डरीपानी निवासी कृष्णा की मृत्यु सर्पदंश से पिता कुमार को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की हुई कार्यशाला



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की एक दिवसीय कार्यशाला महारानी अस्पताल परिसर के शाहिद गुंडाधूर सभागार में संपन्न हुई। कार्यशाला में डेमियन फाउंडेशन के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉक्टर प्रदीप कुंडू द्वारा कुष्ठ रोग की पहचान और उपचार से संबंधित विस्तृत जानकारी सभी प्रतिभागियों को दी गई। प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रतिभागी सीआर साहा और जिला से वरिष्ठ नॉन मेडिकल असिटेंट और कार्यशाला के संयोजक आरके माली उपस्थित रहे। कार्यशाला में प्रथम दिवस में सभी ब्लॉक के 61 आरएचओ उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में कल जिले के शेष बचे आरएचओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। कार्यशाला में एचई रवि टंडन ने भी अपनी उपस्थिति दी।

### बकावंड सीएचसी में मना विकलांगता दिवस



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बकावंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अंतरराष्ट्रीय विकलांगता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष सोनवारी भदरे, जनपद उपाध्यक्ष तरुण कुमार पांडेय, जनपद सदस्य अरुण कुमार बिसाई, स्वास्थ्य विभाग से बीएमओ डॉ. हरीश मरकाम, बीपीएम संतोष और एनवीबीडीपी से लुव शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर कुष्ठ और सिकल सेल रोग से पीड़ति 43 मरीजों ने हिस्सा लिया। मरीजों को स्व-देखभाल अभ्यास कराया गया और उन्हें 12 जोड़ी एमसीआर फुटवेयर, 13 ड्रेसिंग किट और 5 टूब एलएफ लाभार्थियों को वितरित किए गए। साथ ही एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मितानिन दीदीयों और लाभार्थियों को मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया।

# स्कूल समय में बच्चे मिले जंगल में घूमते, शिक्षिका को पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

अलग खबर

ब्लाक बकावण्ड के ग्राम पंचायत सरगीपाल के शासकीय स्कूल समय के दौरान बच्चे जहां कक्षा में होने चाहिए थे। वहीं वे स्कूल से लगभग 4 किलोमीटर दूर घने जंगल में भटकते, खेलते और फूल तोड़ते हुए पाए गए। मसगांव से करीतगांव की ओर रास्ते में कई बच्चे स्कूल यूनिफॉर्म में जंगल में बेफिक्र घूम रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि वे वहां क्यों हैं तो बच्चों ने बताया कि वे स्कूल से ही जंगल आए हैं। यह सुनकर मीडिया कर्मियों ने तुरंत स्कूल जाकर शिक्षिका से चर्चा की। बच्चों के जंगल में जाने की जानकारी मांगी गई तो उन्होंने पहले बच्चों के स्कूल में मौजूद होने का दावा किया। लेकिन जैसे ही उन्हें फोटो और वीडियो साक्ष्य दिखाए गए तो उन्होंने स्पष्ट जवाब देने के बजाय विषय को टालने और आरोप लगाने की कोशिश की।

शिक्षिका ने लापरवाही भरे अंदाज में कहा कि बच्चों को भेज सकते हैं, कोई समस्या नहीं है। जब 3 बजे के पीरियड टाइम का हवाला दिया गया। तब भी शिक्षिका बच्चों को जंगल में भेजे जाने का कोई ठोस कारण नहीं दे पाईं। बाद में उन्होंने स्कूल की समस्या बताकर मामले को दबाने की कोशिश की। परंतु बच्चों का जंगल में जाने का सही कारण नहीं बता सकी।

## 4 किलोमीटर दूर बच्चों के जाने पर शिक्षिका का गोलमोल जवाब

### बच्चों की जान से खिलवाड़

जंगल में जानवर, विषैले कीड़े, खाई, सूने रास्ते और अज्ञात जोखिमों को देखते हुए यह घटना बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरनाक थी। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह घटना स्कूल प्रशासन की लापरवाही है। ग्रामीणों का सवाल था अगर बच्चा खो जाए, घायल हो जाए या कोई बड़ा हादसा हो जाए तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।



### ग्रामीणों में रोष, कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग और जनपद प्रशासन से मांग की है कि शिक्षिका पर अनुशासनात्मक कार्रवाई कर जांच समिति गठित करे। बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के ठोस उपाय होना चाहिए।

### बीईओ और एसडीएम ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया

इस मामले में बीईओ ने कहा कि ऐसी लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं एसडीएम ने भी घटना को गंभीर बताते कार्रवाई करने की बात कही है।

## विलाप करते परिजनों को देख हर किसी की आंखें हुई नम

# अमर रहे नारों के साथ, शहीद जवानों को दी गई अंतिम विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

**माओवादी मुठभेड़ में शहीद डीआरजी के जवानों को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी गई। शहीद डीआरजी के तीन बहादुर जवानों मोहन बड़दी, दुकारूराम गोंदे और रमेश सोढ़ी को आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। गमगीन माहौल के बीच हजारों लोगों की मौजूदगी में शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर जवानों के परिजनों की आंखें नम थीं। वहीं उपस्थित अधिकारियों, ग्रामीणों और सुरक्षा बलों ने उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।**

मुठभेड़ के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना दुश्मन से लोहा लेने वाले इन वीर जवानों की शहादत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सुरक्षा बल हर चुनौती से निडर होकर देश और प्रदेश की रक्षा में समर्पित हैं। शहीदों के पार्थिव शरीर को रक्षित केन्द्र बीजापुर स्थित शहीद वाटिका में पूर्ण सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर अर्पित की गई। पूर्ण सम्मान के साथ जब अंतिम सलामी दी गई तो पूरे परिसर में शहीद अमर रहें के नारों से माहौल गूंज उठा। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शहीद जवानों के पराक्रम को सलाम करते हुए उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया। जनता ने भी इस कठिन घड़ी में परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। माओवादियों के खिलाफ जारी अभियान में यह घटना सुरक्षा बलों के अदम्य साहस और बलिदान की गाथा का एक और अध्याय जोड़ गई है।





### डीआरजी के तीनों जवान बीजापुर निवासी

माओवादियों से बहादुरी के साथ लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए शहीद प्रधान आरक्षक, मोहन बड़दी, निवासी उसकालेड, थाना मदेड़, शहीद आरक्षक दुकारूराम गोंदे, निवासी बोदली, थाना नेलसनार, शहीद जवान रमेश सोढ़ी, निवासी ग्राम पुन्नुर, थाना आवापल्ली के थे। बीजापुर जिले के ये तीनों जवान डीआरजी थे।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जन प्रतिनिधि दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अट्टामी, विधायक विक्रम मण्डावी, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, उप महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर भुपेन्द्र सिंह नेगी, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय, पुलिस अधीक्षक एसटीएफ स्मृतिक राजनाला, उपसंचालक आईटी आर संदीप बलगा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे, कमांडेंट कोबरा 210 अशोक कुमार, कमांडेंट 168 केरिपु आरएस जंगीर, कमांडेंट 170 केरिपु सरकार राजा रमन, अति पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार मीणा, अमन कुमार झा, चन्द्रकांत गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक आप्स सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक बस्तर फाईटर चन्द्रहास समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी वेंकट सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

पूना परियान नई उड़ान से मिली प्रेरणा

## ग्रामीण युवक चुरेंद्र ने बस्तर ओलंपिक के जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग में किया कमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांकेर जिले के दुर्गूकोंदल ब्लॉक के ग्राम चिहरो के निवासी 22 वर्षीय राकेश कुमार चुरेंद्र ने वेटलिफ्टिंग में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय बस्तर ओलिंपिक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले राकेश की यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है। राकेश ने बताया कि वेटलिफ्टिंग की शुरुआत करने की प्रेरणा उन्हें जिला प्रशासन द्वारा संचालित पूना परियान नई उड़ान पहल से मिली, जहां कोच रिखी राम साहू ने उन्हें प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि वे रोज सुबह 7 बजे से 9 बजे तक नियमित अभ्यास करते हैं। उपलब्ध संसाधनों की कमी के बावजूद राकेश ने दृढ़ इच्छा शक्ति दिखाते हुए सीमेंट से भरे वजन और लकड़ी के बार के सहारे अभ्यास किया। जिला स्तरीय बस्तर ओलिंपिक में राकेश ने 65 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि यह क्षण उनके लिए बेहद गर्व और उत्साह से भरा हुआ था। अपने संघर्ष और मेहनत को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति और उपकरणों की कमी ने कई बार मुश्किलें पैदा की, परन्तु उन्होंने हार नहीं मानी। आगामी बस्तर जिले में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता को लेकर राकेश बेहद उत्साहित हैं और लगातार तैयारी कर रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 12 पर



■ बस्तर ओलंपिक में 65 किलो वजन उठाकर हासिल किया प्रथम स्थान

## व्हील लगे ट्रैक्टरों पर परिवहन विभाग चला रहा जांच अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के विभिन्न सड़कों चल रहे व्हील ट्रैक्टरों की जांच अभियान शुरू किया गया। लेकिन अब तक ऐसे ट्रैक्टर नहीं मिलें हैं। बताया जा रहा है कि खेतों में जुताई करने वाले ट्रैक्टरों के नुकीले पिंजरों वाले पहियों को हटाए बिना, अनाधिकृत और अंधाधुंध तरीके से कच्ची, डामरीकरण सड़क, सीमेंट की सड़कों, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र वाली सड़कों पर चलाते हैं। ▶▶| शेष पेज 12 पर

### ट्रैक्टरों के खिलाफ करें कार्रवाई

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने उड़नदस्ता प्रभारी और जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि सड़कों में पिंजरों वाले ट्रैक्टर का चलना मोटर वाहन अधिनियम के विरुद्ध है। सड़क खराब हो रही और दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती हैं, ऐसे ट्रैक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करें।

## विधायक ने जामावाड़ा धान खरीदी केंद्र में किसानों से चर्चा कर देखी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधायक किरण देव ने गुरुवार को किसानों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए जामावाड़ा क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र और लेम्पस कार्यालय का में क्षेत्र के किसानों से रूबरू होकर धान विक्रय के संबंध में चर्चा की और धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुबह अचानक केंद्र पर पहुंचकर पूरी व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। उन्होंने धान के भंडारण की स्थिति, नमी मापन की प्रक्रिया, बारदाना की उपलब्धता और टोकन प्रदाय की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली।



साथ ही सीधे किसानों के बीच पहुंचे और किसानों की बातों को ध्यान से सुनने के बाद कहा कि धान खरीदी केंद्रों में किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित केंद्र के प्रबंधक को निर्देश दिए कि खरीदी की गति बढ़ाई जाए, बारदाने की सुलभता और किसानों के लिए बैठने व पेयजल की समुचित व्यवस्था रहे। वहीं धान की तौलाई भी समय पर सुनिश्चित किया जाए।

## महिलाएं तैयार कर रहीं 10 लाख पत्तल

7 दिसंबर से शुरू होगी गीदम में शिव महापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आगामी 7 से 13 दिसंबर तक गीदम में आयोजित दंतेश्वरी शिव महापुराण के लिए ग्रामीणों में उत्साह है। गुमरगुंडा क्षेत्र की महिलाएं इस महा आयोजन के लिए 10 लाख पत्तल तैयार कर रही हैं। ज्ञात हो कि शिव महापुराण में आने वाले भक्तों के लिए विशाल भोजनालय भी तैयार किया जा रहा है। जहां सुबह शाम 20 हजार लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी।

कृषि उपज मंडी चौक हारम गीदम में आयोजित इस महा अनुष्ठान के संदर्भ में मुख्य आयोजक विजय प्रसाद तिवारी ने बताया कि शिव महापुराण के प्रति लोगों में भारी उत्साह है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग शिव महापुराण कथा स्थल का अवलोकन करने पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि गुमरगुंडा क्षेत्र की महिलाएं शिव महापुराण में विशेष



भागीदारी निभा रही हैं। महिलाएं सुबह धान कटाई करती हैं और शाम को घर पर पत्तल तैयार कर रहीं हैं। गुमरगुंडा आश्रम के प्रमुख स्वामी विशुदानन सरस्वती के सानिध्य में यह महिलाएं 10 लाख पत्तल तैयार कर रही हैं। जिसे वह शिव महापुराण भोजनालय को अर्पित करेंगी। यहां आने वाले शिवभक्त बस्तर की परंपरा अनुसार हरे पत्तल में ही भोजन प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर से अनुष्ठान स्थल के भोजनालय तक पत्तल पहुंचाने का कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

## हम पूरी मेहनत करेंगे और यकीन है कि हमें मिलेगी जीत : सरोज

# वर्षों बाद खेल मैदान में लौटीं महिलाएं, बस्तर ओलंपिक बना जड़ों से जोड़ने का नया माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर ओलम्पिक का आयोजन इस वर्ष कई महिलाओं को अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने का अवसर मिला है, ऐसी ही महिलाओं में शामिल हैं सरोज पोडियाम, जो विवाह और पारीवारिक जिम्मेदारियों के चलते वर्षों से खेल से दूर थीं। तीन वर्ष की बच्ची की मां होने के बावजूद उन्होंने खेल मैदान में वापसी कर सभी को प्रेरित किया।

सरोज पोडियाम कोंटा विकासखंड के दूरस्थ मुरलीगुड़ा ग्राम की निवासी हैं। वह बताती हैं कि बस्तर ओलम्पिक शुरू होने से उन्हें स्कूल के दिनों की खो-खो और कबड्डी जैसे खेलों की यादें ताजा हो गईं। सरोज बताती हैं हम महिलाओं का अधिकतर समय परिवार, बच्चे और गृहकार्य में बीत जाता है। लेकिन बस्तर ओलम्पिक ने हमें फिर से अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया। इस बार संभाग स्तर तक पहुंचना हम सभी के लिए बड़ी खुशी की बात है। बस्तर ओलम्पिक में सरोज पोडियाम और उनकी टीम ने रस्साकसी में दमदार प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हासिल किया है। टीम की इस उपलब्धि से पूरे परिवार और गांव में खुशी ▶▶| शेष पेज 12 पर



### टीम का दम, महिलाओं की एकजुटता बनी ताकत

सरोज पोडियाम ने बताया कि उनकी टीम में नंदिता सोढ़ी, सरिता पोडियामी, लिपिका डे, मुन्नी नाग, ललिता यादव, पुनम भेखर, जसवंती वेट्टी, बण्डी बारसे शामिल हैं। सब महिलाओं ने मिलकर बेहतरीन तालमेल से प्रदर्शन किया और संभाग स्तर तक पहुंचने का गौरव पाया।



### माओवादी हिंसा से प्रभावित परिवार

सरोज का परिवार माओवादी हिंसा से प्रभावित रहा है। वर्ष 2009 में नक्सलियों द्वारा उनके ससुर की हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद परिवार गहरे संकट में आ गया। घटना के बाद शासन ने नवा बिहान योजना के तहत सुकमा में उन्हें आवास उपलब्ध कराया तथा उनके पति राकेश को नगर सैनिक के रूप में पदस्थ कर परिवार को संबल दिया। आज वही परिवार संघर्ष की राह से निकलकर बस्तर ओलम्पिक में उपलब्धि की नई कहानी लिख रही है।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### थाने में महिला आरक्षक का केक काटकर मनाया गया जन्मदिन

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के नवपदस्थ एसपी पंकज चंद्रा ने पुलिस परिवार में आपसी सामंजस्य और उत्साह का माहौल बनाए रखने के लिए एक नई पहल की है। जिसमें जिले के सभी थानों कार्यालयों एवं पुलिस लाइन में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों के जन्मदिन को मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार की रात 8 बजे स्थानीय थाने में पदस्थ महिला आरक्षक भानूप्रिया के जन्मदिन को पूरे स्टॉफ के लोगों ने केक काटकर मनाया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक विकासचद्र राय, सहायक उप निरीक्षक पीताम्बर कठार , सुरेंद्र बघेल सहित थाने का स्टाफ मौजूद रहा।


### नवोदय विद्यालय में आधार शिविर लगाया जाएगा कल

**कोण्डागांव।** पोस्ट ऑफिस द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय में कल आधार नामांकन सुधार शिविर लगाया जाएगा। साथ ही साथ नए आधार कार्ड बनाये जाएंगे। शिविर अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग जगदलपुर के आदेश के तहत उप–संभागीय निरीक्षक डाक आर. एस.मिश्रा एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव शेख रूहुल ताज के मार्गदर्शन में सम्पन किया जाना है। साथ ही फरसगांव पोस्ट ऑफिस के द्वारा हाईस्कूल मालाकोट में आधार शिविर नियत किया गया है।

### राज्य वीरता पुरस्कार 2025 बच्चों का नामांकन 20 तक

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन ने वर्ष 2025 के लिए राज्य वीरता पुरस्कार" के नामांकन आमंत्रित किए हैं। जो बालक–बालिका ने डूबते बच्चे को बचाया, आग से किसी की जान बचाई, चोरी–लूट में बहादुरी दिखाई, या कोई भी असाधारण साहस किया हो उसे 25,000 रुपये नकद, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। घटना के समय बच्चे की उम्र 18 वर्ष से कम हो, कलेक्टर का अनुशंसा पत्र, एफ.आई.आर या पुलिस डायरी की कॉपी, समाचार पत्र की कटिंग यदि हो 2 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो सक्षम अधिकारी से प्रमाणित 4 अतिरिक्त फोटो, घटना का पूरा विवरण, आवेदन 3 प्रतियों में 20 दिसंबर को महिला एवं बाल विकास विभाग, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, कक्ष क्रमांक–92, कोण्डागाँव में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप संबंधित विभाग से कार्यालयीन समय एवं दिवस में 15 दिसम्बर 2025 तक निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

### पिकअप-बाइक की टक्कर में हेड मास्टर हुए घायल



**फरसगांव।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम बड़ेडोगर के पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार को अपरान्ह 4:30 बजे पिकअप और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार फरसगांव निवासी शिक्षक कार्तिक दुग्गा उम्र 58 वर्षीय घायल हो गए। जिन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर में रिफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम फरसगांव रावणभाटा निवासी कार्तिक दुग्गा ग्राम सदाडी के शा. माध्यमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थ हैं। हर दिन की तरह शाम को बाइक में सवार होकर स्कूल से घर वापस आ रहे थे। तभी शाम करीब 4:30 बजे बड़ेडोगर के पेट्रोल पंप के समाने पिकअप के साथ टक्कर हो गई। हादसे में प्रधानाध्यापक कार्तिक दुग्गा घायल हो गए। जिन्हें बड़ेडोगर के उप सरपंच सुरेश समरथ और अजय मंडावी, हुकुम सेठ्ठी ने निजी वाहन से तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाए। हादसे में प्रधानाध्यापक का एक पैर टूट गया, हाथ में और सीने में चोट आई है। फरसगांव अस्पताल में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र और राधे श्रीवास ने घायल के उपचार में मदद की।

# धान खरीदी तक किसानों के पंजीयन–गिरदावरी त्रुटि सुधार जारी रखने की मांग

## सीपीआई ने राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने जिले के सभी किसानों का धान खरीदी पूर्ण होने तक पंजीयन, गिरदावरी और रकबा सुधार कार्य लगातार जारी रखने की मांग उठाई है। इसी संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित कर 3 दिसंबर को भेजा गया है। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर को भी दी गई है। ज्ञापन को सीपीआई जिला सचिव व सदस्यों, शैलेष, पतिराम, दिनेश, रामचंद, रामकुमार, दुबेष, रामसिंह द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। सीपीआई ने बताया कि जिले के अनेक किसानों को खरीफ सीजन में धान फसल की गिरदावरी नहीं होने, वनाधिकार पट्टा धारकों का पंजीयन नहीं होने, रकबा त्रुटि के कारण पूर्ण धान न बेच पाने जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन शिकायतों की लगातार प्राप्ति पर सीपीआई ने कहा कि किसान मानसिक रूप से अत्यधिक परेशान हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने 25 नवंबर को सीपीआई ने जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की थी। लेकिन 3 दिसंबर तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, ऐसा संगठन का आरोप है। आज भी किसान एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय तक चक्कर लगाने को मजबूर हैं। सीपीआई ने ज्ञापन में कहा है कि यदि त्रुटियों के समाधान में देरी के कारण किसी किसान को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सभी प्रभावित किसान धान तौलकर कलेक्टर कार्यालय परिसर में जमा करेंगे। धान का पूरा मूल्य दिलाने की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



### प्रशासनिक लापरवाही आ रही सामने

सीपीआई ने बताया कि गिरदावरी–पंजीयन त्रुटियों और रकबा समस्याओं में प्रशासनिक लापरवाही स्पष्ट है, जिसके कारण हजारों किसान एमएसपी पर धान बेचने से वंचित हो सकते हैं। सीपीआई, अखिल भारतीय किसान सभा और अखिल भारतीय आदिवासी महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि शासन–प्रशासन ने ज्ञापन पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो वृहद जनांदोलन किया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस: एनसीसी मैदान में शिविर, खेल स्पर्धा सहित अन्य आयोजन

# दिव्यांगजन किसी से कम नहीं, बल्कि विशेष प्रतिभा के धनी : विधायक लता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

**अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आज एनसीसी ग्राउंड में जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथ्य बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी थीं। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।**

अलग खबर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि दिव्यांगजन किसी से कम नहीं, बल्कि विशेष प्रतिभा के धनी हैं। सरकार उनके सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। समाज को भी आगे आकर इनकी मदद करनी चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल यह दिन हौसले और संकल्प का उत्सव है। शिक्षा, खेल, रोजगार हर क्षेत्र में दिव्यांगजनों को आगे बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाना हमारी प्राथमिकता है। जिले में जल्द ही दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष विद्यालय शुरू होगा।





### महावीर जयपुर फुट सेंटर का विशेष शिविर

शिविर में 8 व्हीलचेयर, 5 ट्रायसाइकिल, 2 कैलीपर्स का वितरण किया गया। शिविर में 75 यूडीआईडी कार्ड आवेदन, 50 कृत्रिम अंग हाथ–पैर के लिए पंजीयन कराया है। एक व्यक्ति को मौके पर ही जयपुर फुट लगाकर प्रदान किया गया। 4 दिव्यांग बच्चोंए 18 सामान्य लोगों का आधार पंजीयन हुआ। खेलकूद और रंगोली प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों–युवाओं ने धमाल मचाया। विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर दीपेश अरोरा, जितेन्द्र सुराना, जैनेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जनपद सदस्य श्रीमती कमलेश्वरी सेठिया और लीलावती, पार्षदगण हिना श्रीवास्तव और संतोष पात्र, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, जनपद सीईओ उत्तम महोबिया, समाज कल्याण की उपसंचालक ललिता लकड़ा, डीएमसी ईमल बघेल एवं अन्य विभागीय अधिकारी और दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

#### एनजीओ घरौंदा ने ली बालिका की आजीवन देखभाल की जिम्मेदारी

## कोलचुर में नाना की पहल पर अंधेरे कमरे से बालिका का किया रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बकावण्ड जनपद की एक मार्मिक घटना सामने आई है। जिसमें बालिका को उसके पिता ने नहीं बल्कि नाना ने रखा था। वह किसी प्रताड़ना के उद्देश्य से नहीं बल्कि गरीबी और असमर्थता के चलते उसे अकेला और भूखा न छोड़ने की मजबूरी में रखा था। लगभग 8 माह पहले यह मामला तब सामने आया जब वृद्ध नाना की कमाने की क्षमता समाप्त होने लगी और उसने स्वयं पहल कर गांव की मितानिन को सूचना दी।

सूचना जनपद पंचायत से होते हुए समाज कल्याण विभाग तक पहुंची। जिसके बाद बालिका को रेस्क्यू कर कोलचुर स्थित घरौंदा एनजीओ को सौंपा गया। विभाग की उपसंचालक सुचिता मिंज ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि बच्ची की दोनों आंखों की रोशनी समाप्त हो चुकी है, घरौंदा की सिस्टर्स ने उसका मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया। वर्तमान में बच्ची शारीरिक रूप से स्वस्थ है किंतु मन का भय अभी भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। एनजीओ ने पूरे जीवन भर की देखभाल की जिम्मेदारी स्वीकार की है।

## कांग्रेस नेता देर से पहुंचे एयरपोर्ट, चार्टर्ड प्लेन से जा चुके थे सीएमडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

एनएमडीसी के सीएमडी गुरुवार को दौरे पर आए थे। इसकी जानकारी मिलने पर कांग्रेस नेता उनसे मिलने एयरपोर्ट पहुंचे । उन्हें बताया गया कि एमडी चार्टर्ड प्लेन से जा चुके हैं। नाराज कांग्रेसियों ने ज्ञापन की कॉपी एयरपोर्ट के बाहर जलाकर गुस्से का इजहार किया और नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने नाराजगी जाहिर करते कहा कि बस्तर का लोहा जब इस्तेमाल किया जा रहा है तो नौकरी भी यहीं देना चाहिए ना कि आंध्रप्रदेश में। ज्ञात हो कि आर्सलर मित्तल द्वारा आंध्र प्रदेश में नौकरी देने की बात कही जा रही है, जो किरंदुल से लोहा पाइपलाइन से ले जा रहा है।



**ये रहे उपस्थितः** मिलने गए नेताओं में ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर शुक्ला, महिला अध्यक्ष लता निषाद, राजेश चौधरी, हेमू उपाध्याय, अनवर खान, बलराम यादव, एस नीला, पार्षद सूर्या पानी, जोएस्टिन भवानी, अफरोज बेगम, कोमल सेना, बी ललिता राव, कमलेश पाठक, विशाल खम्बारी व अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## केशकाल विधायक ने बड़ेराजपुर से मुंडापारा सड़क नवीनीकरण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव/विश्रामपुरी

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने बड़ेराजपुर क्षेत्र की बहुप्रशिक्षित मुंडापारा छिंदली तक 8 किलोमीटर तक की सड़क जो कि 226.58 लाख रुपए की लागत से नवीनीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ेराजपुर,छोटेराजपुर,छिंदली,कोपरा, मांडोकी खरगांव समेत आठ पंचायतों के जनप्रतिनिधि ग्रामीण उपस्थित रहे।

विधायक नीलकंठ टेकाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब कोंडागांव जिले का कलेक्टर था, तब से बड़े राजपुर से मुंडापारा सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर काफी परेशान रहता था। अब तक पता नहीं कितने लोग इस सड़क पर गिरकर चोटिल हो चुके हैं। विधानसभा का चुनाव लड़ते वक्त भी इस सड़क नवीनीकरण का संकल्प लिया था। अथक प्रयास के बाद अब इस रोड नवीनीकरण की स्वीकृति मिली है। 8 किलोमीटर की सड़क 2 करोड़ 26 लाख 58 हजार रुपए की लागत से अतिशीघ्र बनकर तैयार होगी। विधानसभा केशकाल क्षेत्र में बड़ेराजपुर बहुत सारी चीजों में पिछड़ा हुआ है, हमारा अथक प्रयास है कि हम बचे हुए कार्यों की स्वीकृति जल्द दिलाकर बड़ेराजपुर को भविष्य में ब्लॉक मुख्यालय का दर्जा दिला सके। वर्तमान में विधायक केशकाल के प्रयास से 30 लाख रुपए की लागत का महतारी सदन का कार्य प्रगति पर है। पांडे पारा से रावसवही सड़क भी विधायक नीलकंठ टेकाम के माध्यम से बन चुकी है। आने वाले दिनों में विधायक ने ओडिशा राज्य से बड़ेराजपुर होते हुए बस चलवाने का भी आश्वासन दिया है। भूमिपूजन कार्यक्रम में आंगा देवता की भी उपस्थित नजर आई। सभी ग्राम पंचायत के ग्राम पटेल पुजारी सरपंच एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल रहे कोंडागांव जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सेवक राम नेताम महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनीता नेताम मंडल अध्यक्ष मन्ना मरकाम प्रदेश मंत्री आ.जा.ज. एवं जनपद सदस्य संगीता पोयम बीजेपी के कई बड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## एसआईआर का डिजिटलाइजेशन कार्य नपं में शत प्रतिशत हुआ पूरा

**फरसगांव।** नगर पंचायत में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर का डिजिटलाइजेशन कार्य शत प्रतिशत पूरा हो गया है। नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने बूथ लेवल अधिकारियों , जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, दीदियों व मतदाताओं का आभार जताया है।



भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया अंतर्गत मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाने हेतु 11 दिसंबर 2025 तक समय वृद्धि की है। नगर पंचायत फरसगांव में मतदाताओं की लोकतंत्र के प्रति जागरूकता, एसआईआर प्रक्रिया में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की विशेष रुचि, बूथ लेवल अधिकारियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दीदियों द्वारा डोर टू डोर मतदाताओं से संपर्क कर समर्पित भाव से कार्य करने के परिणाम स्वरूप नगर पंचायत फरसगांव में 4 दिसंबर को ही कुल 4853 मतदाताओं का शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण कर लिया था।

## कोण्डागांव को 100 प्रतिशत साक्षर बनाने की मुहिम, उल्लास महापरीक्षा होगी 7 को

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत पूरे देश में चल रहे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की सबसे बड़ी परीक्षा अब कोण्डागाँव में भी 7 दिसंबर को गाँव की चिन्हांकित प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में होगी। केवल वही शिक्षार्थी जिनका नाम उल्लास पोर्टल पर सर्वे के बाद ऑनलाइन पंजीकृत है। बुनियादी अक्षर ज्ञान, संख्यात्मक ज्ञान और जीवन कौशल की परीक्षा होगी। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सभी स्वयंसेवी शिक्षकों, ग्राम प्रभारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, सरपंचों, सचिवों और जिला-ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों से कहा अपने गाँव–टोले के हर शिक्षार्थी को परीक्षा केंद्र तक जरूर लाएँ।

पेज 11 के शेष...

### ग्रामीण युवक चुरेंद्र ने बस्तर ओलंपिक ...

उनका लक्ष्य संभागीय स्तर पर जीत हासिल करना और आगे चलकर राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर चिहरो गांव व जिले का नाम रोशन करना है। अंत में राकेश ने क्षेत्र के युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि "अगर लक्ष्य मजबूत हो और मेहनत सच्ची, तो किसी भी साधन की कमी आपको रोक नहीं सकती।" राकेश की यह प्रेरणादायी कहानी बस्तर के युवाओं के लिए एक मजबूत संदेश है कि इच्छाशक्ति और अनुशासन के दम पर बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं।

### व्हील लगे ट्रैक्टरों पर परिवहन...

ऐसे ट्रैक्टरों पर परिवहन विभाग शिकंजा कसेगा। इसके लिए जनजागरुकता अभियान में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मोटरयान नियमों से अवगत कराया जाएं, ऐसी वाहनों पर चालानी किया जाए।

### वर्षों बाद खेल मैदान में लौटीं महिलाएं...

का माहौल है। सरोज कहती हैं कि हम सभी महिला साथी बहुत खुश हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद, जिन्होंने हमें अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दिया। इस बार पूरा प्रयास रहेगा कि हम संभाग में अपने जिले को जीत दिलाएं। बस्तर ओलम्पिक ने हमें दोबारा खेलने का मौका दिया और आस-पास की सभी महिला साथी भी शामिल हुईं।

## जैविक कृषि प्रशिक्षण, हर्बल खेती और किसान–उत्थान में विशिष्ट योगदान

**लाखों किसानों को अब तक दे चुके हैं निशुल्क प्रशिक्षण**

# अनुराग राज्य स्तरीय गहिरा गुरु लोक शिक्षक अवार्ड 2025 से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के निदेशक अनुराग त्रिपाठी को जैविक कृषि और किसान उत्थान में लंबे समय से किए जा रहे कार्यों के लिए राज्य स्तरीय सम्मान मिला।

राजधानी रायपुर में समता साहित्य अकादमी के समारोह में उन्हें गहिरा गुरु लोक शिक्षक अवार्ड 2025 से अलंकृत किया गया।

श्री त्रिपाठी सम्मान शशांक शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम आर. बंजारे ज्वाला प्रांताध्यक्ष समता साहित्य अकादमी ने दिया। अनुराग त्रिपाठी वर्षों से देशभर के लाखों किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, उद्यमियों और युवाओं को जैविक खेती, प्राकृतिक खाद निर्माण, बीज संवर्धन, हर्बल दवाइयों का निर्माण, कृषि आधारित उद्यमिता विषयों पर निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके नेतृत्व में यह केंद्र बस्तर ही नहीं, बल्कि पूरे देश में जैविक कृषि का अग्रणी मॉडल माना जाता है, जहाँ प्रतिवर्ष हजारों किसान नई तकनीकें सीखते हैं।



### सामाजिक और शैक्षणिक योगदान का मिला सम्मान

समता साहित्य अकादमी द्वारा यह अवार्ड उन व्यक्तियों को दिया जाता है जो लोक–शिक्षण, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देते हैं। अनुराग त्रिपाठी को यह सम्मान उनकी निस्वार्थ सेवा और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सतत कार्य के लिए प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से बस्तरऔर मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के सदस्यों सहित क्षेत्र के किसानों में गर्व और उत्साह का वातावरण है।

## खबर संक्षेप

### उल्लास महापरीक्षा के संचालन पर हुई चर्चा



**बस्तर।** जनपद पंचायत के सभागार में हाईस्कूल और हायरसेकंडरी के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 7 दिसंबर को होने वाली उल्लास महापरीक्षा के सफल संचालन पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने अपील की कि शत-प्रतिशत निरक्षरों को परीक्षा में उपस्थित कराएं और उन्हें केंद्रों तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अभियान में सभी की सहभागिता को बहुत महत्वपूर्ण और जरूरी बताया गया, इसे पुण्य का काम कहा गया। पंचायत स्तर पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बीईओ भारती देवांगन, एबीईओ सुशील कुमार तिवारी, बीआरसी अजम्भर कोर्राम और ब्लॉक के सभी प्राचार्य उपस्थित थे।

### प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण



**दंतेवाड़ा।** जिपं में आज प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई एवं फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिलों के सरपंच, सचिव एवं स्वच्छताग्राही उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य सलाहकार डॉ. रूपेश कुमार राठौर एवं पुरुषोत्तम पंडा ने प्रतिभागियों को प्लास्टिक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन, उसके सुरक्षित निपटान, संग्रह एवं रीसाइक्लिंग की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक के अनियंत्रित उपयोग से पर्यावरण पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ते हैं, इसलिए इसे सही तरीके से प्रबंधित करना आवश्यक है।

### वर्षों से मुख्यधारा से कटे ग्रामीणों के लिए विकास का खोला रास्ता

# माओवादियों की दरभा डिविजन के 'सेफ हेवन' पर सुरक्षाबलों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

कभी माओवादियों के दरभा डिवीजन का सुरक्षित ठिकाना रही गोगुंडा की दुर्गम पहाड़ी अब सुरक्षाबलों के नियंत्रण में है। ऊंची-नीची ढलानों, घने जंगल और पहुंचहीनता के बीच पहाड़ी शिखर पर नया सुरक्षा कैंप स्थापित कर सुरक्षाबलों ने न केवल रणनीतिक बढ़त हासिल की है, बल्कि वर्षों से मुख्यधारा से कटे ग्रामीणों के लिए आवागमन और विकास का रास्ता भी खोल दिया है।

■ इलाज, राशन, स्कूल व सरकारी योजनाओं तक ग्रामीणों की पहुंच हुई आसान

चारों ओर से पहाड़ियों से घिरे ग्राम गोगुंडा तक आज तक न कच्ची सड़क थी, न पगडंडी। सबसे पहले पहाड़ी काटकर सड़क बनाई गई जो अपने-आप में जोखिम भरा अभियान था। इसी सड़क से अब ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है। इलाज, राशन, स्कूल और सरकारी योजनाओं तक पहुंच आसान हुई है।

नवीन कैंप का निरीक्षण करने पहुंचे सीआरपीएफ सीजी सेक्टर के महानिरीक्षक शालीन ने निर्माण कार्य, कैंप की सुरक्षा, संचार व्यवस्था और एंटी-नक्सल ऑपरेशंस की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने जवानों से सीधे संवाद कर उनकी जरूरतें जानीं और मनोबल बढ़ाते हुए कहा, यह कैंप इलाके के लिए सुरक्षा कवच बनेगा। निरीक्षण के दौरान सीआरपीएफ के उप महानिरीक्षक आनंद सिंह राजपुरोहित, सुकमा एसपी किरण चव्हाण व 74 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट हिमांशु पांडेय सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। संयुक्त रणनीति पर चर्चा हुई। एरिया डॉमिनेशन, ग्रामीण समन्वय और आगामी अभियानों को लेकर स्पष्ट रोडमैप रखा गया। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया, यह कैंप छत्तीसगढ़ शासन की नियद नेल्ला नार योजना की भावना को जमीन पर उतारता है। इलाके की सुरक्षा के साथ-साथ विकास को अंजाम दिया जाएगा। कैंप स्थापित होने से पहुंचहीन गांवों में प्रशासनिक उपस्थिति मजबूत होगी और जनकल्याणकारी योजनाएं सीधे लाभार्थियों तक पहुंचेंगी। हालांकि अभियान की राह जोखिममुक्त नहीं रही। कैंप स्थापना के दौरान प्लांटेड आईईडी ब्लास्ट में एक सीआरपीएफ जवान और सुकमा जिला पुलिस की एक महिला जवान घायल हुईं। दोनों का उच्चस्तरीय उपचार जारी है।

## गोगुंडा की पहाड़ी फतह








### 2 साल में खुले 21 कैम्प

2024 से अब तक सुकमा जिले में 21 नए सुरक्षा कैंप स्थापित। इसी अवधि में 587 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। विभिन्न अभियानों में 68 माओवादी मारे गए और 450 गिरफ्तार।

## ककाड़ी व नहाड़ी की महिलाओं को डिजिटल व मोबाइल बैंकिंग पर मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले के नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत ग्राम ककाड़ी एवं नहाड़ी, ग्राम पंचायत नहाड़ी, ब्लॉक कुआकोंडा में 3 दिसंबरको डिजिटल एवं मोबाइल बैंकिंग विषयक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूहों को मोबाइल बैंकिंग, डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन सेवाओं के सुरक्षित उपयोग एवं सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त करने संबंधी जानकारी दी गई।

इस संबंध में मुख्य प्रशिक्षक शिव बघेल लीड बैंक मैनेजर, एसबीआई ने बताया कि यदि बैंक खाता आधार से लिंक हो जाता है तो महतारी वंदन योजना सहित अन्य लाभ सीधे खातों में प्राप्त हो सकते हैं तथा महिलाएं अपने मोबाइल से लाभ की स्थिति की पुष्टि भी कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त शाखा प्रबंधक, एसबीआई नकुलनार रंजीत पासवान, सहायक प्राध्यापक, सूचना प्रौद्योगिकी, शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दंतेवाड़ा सरला पैंकरा एवं सीना राव ने भी इस संबंध में तकनीकी प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में ग्राम ककाड़ी एवं नहाड़ी की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए डिजिटल बैंकिंग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प व्यक्त किया। ग्रामीणों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया तथा कहा कि इससे सरकारी योजनाओं तक पहुंच अधिक सरल और पारदर्शी होगी। इस मौके पर सरपंच हेमला, उपसरपंच हरीश मंडावी एवं जनपद सदस्य हीरालाल, प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे, प्रधान अन्वेषक डॉ. अतुल त्रिवेदी, लखमा, शिवकुमार, महेश, अंकित, अमन, गनेश्वर कुमार, गुलशन एवं तुशार उपस्थित थे।



## आवासीय परिसरों में स्पेशल टीम करेगी मलेरिया जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा/गीदम

जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 13वां चरण प्रारंभ 8 दिसंबर से प्रारंभ होने जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में जावंगा ऑडिटोरियम में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा जिले के गीदम दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, कुआकोंडा के मैदानी स्वास्थ्य अमले यथा मितानिन, बीएमओ, आरएचओ, बीसी सखी सहित समस्त सरपंच सचिवों की मेगा बैठक ली गई।

बैठक में मलेरिया मुक्त अभियान की उद्देश्य, रूपरेखा, एवं संचालन पर अपना उद्बोधन केन्द्रित करते हुए उन्होंने कहा कि 8 दिसंबर से प्रारंभ होने वाले इस अभियान को अपने शत प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए सभी मितानिने दीदी, सरपंच, सचिव जनप्रतिनिधि इसे चुनौती की तरह ले क्योंकि भावी पीढ़ी को मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाना हम सब का महती दायित्व है। यह इसलिए भी जरूरी है विश्व के अधिकांश देश आज मलेरिया मुक्त हो चुके है। और अगर हम दंतेवाड़ा जिले की बात करे तो मलेरिया उन्मूलन की दृष्टि से अभी हम छत्तीसगढ़ राज्य के औसत से पीछे चल रहे है। क्योंकि जिले में कुआकोंडा, एवं कटेकल्याण ब्लॉक अति संवेदनशील श्रेणी में है। कटेकल्याण ब्लॉक में मलेरिया उन्मूलन को हमे इसलिए अधिक तरजीह देनी होगी क्योकि यहां मलेरिया के विषेष वेरियंट मिले है इसके अंतर्गत मलेरिया के प्रारंभिक लक्षण न होते हुए भी जांच के दौरान वे मलेरिया पॉजिटिव पाये जा रहे है।

ऐसी परिस्थिति में व्यक्ति दूसरे व्यक्तिओं को भी मलेरिया संक्रमित कर सकता है। अतः अब समय आ गया है कि हम इस 13वें चरण के अभियान को गंभीरता से लेते हुए षत प्रतिषत व्यक्ति का ट्रेकिंग करना सुनिश्चित करें और जांच में कोई भी व्यक्ति नहीं छूटना चाहिए।

उन्होंने अभियान के संचालन के विषय में बताया कि इसके लिए संपूर्ण जिले हेतु 230 चिकित्सा जांच दलों का गठन किया जा चुका है जो घर-घर सर्वे करके प्रति व्यक्ति मलेरिया जांच सुनिश्चित करेगें। इसके लिए सभी मितानिन दीदियों से उनके आस-पास के ही गांव को आवंटित किया गया है ताकि सर्वे में कठिनाई न हो और उनके साथ आरएचओ, सीएचओ की टीम भी मौजूद रहेगी जो जांच के दौरान पॉजिटिव और नेगेटिव लक्षणों व्यक्तियों का चिन्हांकन करके उनके पैरों में चिन्ह अंकित करेगी। इसके अलावा सर्वे हो चुके घरों का स्टीकर भी लगाए जाएगें।



## विद्यार्थियों ने साझा किए अनुभव, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

पीएम श्री एकलव्य आदर्श विद्यालय भैरमगढ़ में बुधवार को एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपने अनुभव, उपलब्धियाँ और प्रेरणादायक विचार साझा किए।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश द्वारा पूर्व विद्यार्थियों के साथ सामूहिक दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विभिन्न सत्रों के पूर्व छात्र-छात्राओं ने मंच से अपने अनुभवों को साझा करते हुए विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। कई एलुमनी ने शिक्षाए रोजगार एवं सामाजिक क्षेत्रों में मिली उपलब्धियों का उल्लेख कर वर्तमान विद्यार्थियों को मार्गदर्शन भी दिया। मध्यांतर में विद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, नृत्य प्रस्तुति एवं आदिवासी लोकनृत्य जैसे आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिन्होंने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। पूर्व छात्र-छात्राओं ने वॉलीबॉल सहित अन्य गतिविधियों में भाग लेकर कार्यक्रम की ऊर्जा को और बढ़ाया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी एलुमनी का सम्मान किया गया तथा प्रधानाचार्य ओमप्रकाश ने आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई इस एलुमनी मीट ने विद्यालय और पूर्व विद्यार्थियों के बीच संबंधों को और मजबूत किया।



### बस स्टैण्ड में शौचालय निर्माण प्रगति पर

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद ने बस स्टैण्ड, दंतेवाड़ा स्थित शौचालय निर्माण कार्य द्रुत गति से पूर्ण कराया जा रहा है। परिषद द्वारा जानकारी दी गई है कि निर्माण के दौरान आवश्यक तकनीकी प्रक्रियाओं, स्थल परिस्थितियों एवं स्वीकृत चरणों का पालन किया गया है। इस संबंध मे संबंधित ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए हैं। वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। इस प्रकार शौचालय निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ निर्धारित मांग, मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप क्रमबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है।

## बेटियों की शिक्षा के लिए राह हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोण्ड

विधायक लखेश्वर बघेल ने गुरुवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बस्तर में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 90 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक का स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विद्यालय स्टाफ एवं छात्राओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत रूप से की गई।

■ विधायक ने छात्राओं को किया साइकिल वितरण

विद्यालय परिसर में पहुंचे विधायक का स्वागत प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा, शिक्षक-शिक्षिकाओं, जनप्रतिनिधियों तथा छात्राओं ने गर्मजोशी से किया। छात्राओं ने तिलक, पुष्पगुच्छ एवं स्वागतगीत से उनका अभिनंदन किया।

साइकिल वितरण के अवसर पर विधायक बघेल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा बस्तर की बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। हमारे विद्यालय की कई छात्राएं खेल एवं अन्य प्रतियोगिताओं में नेशनल स्तर तक पहुंचकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर चुकी हैं। भविष्य में भी यही ऊर्जा और लगन बनाए रखें।

कक्षा 11वीं की छात्रा सिमरन देवांगन ने छत्तीसगढ़ महतारी के आशीर्वाद एवं छत्तीसगढ़ की जीवनशैली पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसकी विधायक ने विशेष सराहना की तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश बघेल,दिलीप सिंह सेंगर , नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे पार्षद अंकित पारख, नरसिंह नागेश, समीर मिश्रा, चंपा ठाकुर बैधनाथ मौर्य, हेमन्त कश्यप, लखबती मौर्य, सेवती बघेल बनवाली यादव पूरन शर्मा, मालती शर्मा, प्रचार्य चद्रभान मिश्रा, शिक्षक शिक्षिकाएं सहित स्कूली छात्राए उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका संतोषी चौधरी ने की।



### कन्या शाला को मिली 2.50 लाख की सौगात

कार्यक्रम में बाल कैबिनेट ने विधायक के समक्ष सांस्कृतिक एवं खेल सामग्री की कमी का मुद्दा रखा। समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने तुरंत समाधान की घोषणा की सांस्कृतिक सामग्री हेतु 2 लाख, खेल सामग्री हेतु 50 हजार रुपए की घोषणा की। यह घोषणा होते ही विद्यार्थियों और स्टाफ में हर्ष की लहर दौड़ गई।

### प्राचार्य एवं छात्राओं ने जताया आभार

प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा ने कहा कि विधायक ने हमारी मांगों पर तत्काल निर्णय लेकर बड़ी राहत दी है। विद्यालय परिवार उनकी इस संवेदनशीलता के लिए धन्यवाद व्यक्त करता है। छात्राओं ने भी साइकिल वितरण और नई सुविधाओं के लिए विधायक के प्रति आभार जताया।

## दिव्यांग बच्चों को समान अवसर देना समाज की सच्ची प्रगति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

आकार आवासीय संस्था परिसर में बुधवार को पूरे जोश-शराबे के साथ अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया। समग्र शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम की जोरदार शुरुआत हुई, जिसमें जिले के दिव्यांग बच्चों ने अपनी छुपी हुई प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों के दिव्यांग बच्चों ने गायन, नृत्य, खेल और अन्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताएं इतनी जबरदस्त रहीं कि समस्त आगंतुक मंत्रमुग्ध हो गए। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनकी मेहनत को सम्मानित किया। इस बार का लक्ष्य साफ था - विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाना, उनकी प्रतिभा को मंच देना और समाज में समावेशी सोच को मजबूत करना। इस अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ-पैर वितरित किए गए। इस पहल से बच्चों के जीवन में नई उम्मीद जागी। भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने दिव्यांग बच्चों के साथ खड़े होकर कहा, जब हर बच्चा समान अवसर पाता है, तभी समाज असली मायने में आगे बढ़ता है। उन्होंने बताया कि आकार आवासीय दिव्यांग संस्था इस क्षेत्र के सभी दिव्यांग बच्चों को शिक्षण, थेरेपी और पुनर्वास जैसी समग्र सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। सरकार और प्रशासन इन बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष एवं पार्षद रंजीत बारठ, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अनिल टावरी, दिलीप पेद्दी, शोभन गधामी, राजकुमार कर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी, समग्र शिक्षा अधिकारी उमाशंकर तिवारी, अधीक्षक हरि कुमार कौशिक और आकार आवासीय विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।



## सीएमडी ने गांधी प्रतिमा का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरंदुल

श्रमिक सदन इंटक भवन में गांधी भवन का लोकार्पण सीएमडी अमिताभ मुखर्जी के हाथों संपन्न हुआ । परियोजना एवं उद्योग से जुड़े तथा कर्मचारी एवं जनहितार्थ से संबंधित 20 सूत्रीय मांग पत्र यूनियन के अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारी ने सीएमडी को सौंपा।

■ 20 सूत्रीय मांग पत्र पर मिला सकारात्मक आश्वासन

यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप और सचिव एके सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह ने यूनियन की मजबूत संगठनात्मक शक्ति को प्रदर्शित किया वहीं श्रमिक कल्याण और एकजुटता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदान की। समारोह में मुख्यालय से पधारे निदेशक कमर्शियल विश्वनाथ सुरेश, निदेशक टेक्निकल विनय कुमार, निदेशक उत्पादन जयदीप दास गुप्ता, निदेशक मानव संसाधन प्रियदर्शिनी गद्दाम, किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक रविन्द्र नारायण, मुख्य महाप्रबंधक वर्कर्स किशन अहुजा, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन के पी सिंह, उप महाप्रबंधक एच आर के एल नागवेनी एवं समस्त विभागध्यक्ष, थाना प्रभारी संजय यादव एवं टीम, खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष देवरायलु, सचिव राजेश संधू एवं अधिकारी तथा परियोजना के अधिकारी कर्मचारी के साथ बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य, श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। यूनियन सदस्यों ने पुष्पमालाओं से सीएमडी एवं अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। सीएमडी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नव निर्मित प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन के साथ किया। जिसके उपरांत गांधी भवन परिसर का अवलोकन किया।



### गांधी भवन एकता, सम्मान और संघर्षों का जीवंत प्रतीक

यूनियन सचिव एके. सिंह ने कहा कि गांधी भवन यूनियन की दूरदर्शी सोच और कर्मठ नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह भवन संगठन, बेहतर संवाद और श्रमिकों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सशक्त मंच के रूप में कार्य करेगा।

### 20 सूत्रीय मांग पत्र पर सीएमडी का मिला सकारात्मक आश्वासन

मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन किरंदुल द्वारा परियोजना स्तर एवं नीतिगत विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर सीएमडी को 20 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही वेतन, पदस्थापना, ठेका श्रमिक समस्याएँ, नवनियुक्त कर्मचारियों की मांगें, सुरक्षा, स्वास्थ्य, परियोजना बसें, टाउनशिप विकास सहित अनेक विषयों पर चर्चा की। सीएमडी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनी और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। यूनियन पदाधिकारियों ने यह भरोसा जताया कि कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र समाधान मिलेगा।

## मटेनार में अवैध रेत परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 दिसंबर को ग्राम मटेनार तहसील दंतेवाड़ा में औचक निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक सोल्ड ट्रैक्टर एवं सीजी 18 सी 2016 ट्रैक्टर द्वारा अवैध रूप से साधारण रेत का परिवहन किया जाना पाया गया। मौके पर जांच करने पर संबंधित व्यक्तियों के पास किसी भी प्रकार का वैध परिवहन पास या दस्तावेज उपलब्ध नहीं मिला। अतः निरीक्षण टीम द्वारा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 के उल्लंघन के अनुसार कार्यवाही करते हुए दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया। इस संबंध में प्रशासन द्वारा आगे भी अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई।

## खबर संक्षेप

### अभिषेक नायडू बने प्रभारी महामंत्री

जगदलपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश तथा जिला



प्रभारी शकील रिजवी की सहमति से बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने अभिषेक नायडू को बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी का प्रभारी महामंत्री प्रशासनिक, संगठन नियुक्त किया है।

### पद्मश्री धर्मपाल सैनी को मिला सम्मान



जगदलपुर। बस्तर जिला समन्वयक चमेली नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस पर संस्कृति विभाग के आडिटोरियम में एक विशेष कार्यक्रम हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ भाषा की सेवा करने वाले 6 वरिष्ठ साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। जिसमें बस्तर से पद्मश्री धर्मपाल सैनी के प्रतिनिधि के रूप मे विजय प्रकाश ओझा ने सम्मान प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में मालिक राम वर्मा, पुन्नालाल नौरंगे, चमेली नेताम, डा पूर्णिमा सरोज, कृष्ण शरण पटेल कृष्णा, शिरीष कुमार टिकरिहा विद्रोही, भरत कुमार गंगादित्य, यजस्वी कुमार ने सहभागिता कर काव्यपाठ किया ।

इस कार्यक्रम में स्व.सुरजीत नवदीप और स्व.केदार परिहार के जीवनी पर विचार गोष्ठी तथा छत्तीसगढ़ी बोली में लिखे गये 13 किताबों का विमोचन किया गया।

### अमीन भर्ती परीक्षा पर मिला प्रशिक्षण

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 7 दिसम्बर को अमीन भर्ती प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टोरेट में 3 दिसंबर को अपराह्न 3 बजे केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक, पुलिस नोडल एवं उड़नदस्ता दल की मीटिंग सह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें व्यापम द्वारा जारी निर्देशों को पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### ऋचा को पीएचडी की उपाधि



जगदलपुर। शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की अतिथि व्याख्याता वाणिज्य ऋचा श्रीवास्तव को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से पीएचडी की उपाधि मिली है। उन्होंने अपना शोध कार्य सीएमडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर के वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ आदित्य कुमार दुबे के निर्देशन में पूरा किया। उनके शोध का विषय महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का कार्यान्वयन रायपुर जिले के विशेष संदर्भ में था। ऋचा शांति नगर वार्ड जगदलपुर निवासी मुन्नी श्रीवास्तव पति स्व. शिवकुमार श्रीवास्तव की पुत्री तथा कायस्थ समाज के अध्यक्ष अर्जुन श्रीवास्तव की पुत्रवधू हैं।

# विधायक ने 160 छात्राओं को बांटी साइकिल, बच्चों के साथ किया न्यौता भोज

## देव ने कहा बेटियां हैं तो कल है, बेटियां पढ़ेंगी तो विकास गढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विधायक किरण देव ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत 160 छात्राओं को साइकिल वितरित की। यह आयोजन ग्राम जामावाड़ा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ, जिसमें जामावाड़ा की 35, साड़गुड़ की 28, बड़े मुरमा की 35, नियानार की 54 और बाण्डापारा की 08 की छात्राओं को लाभान्वित किया गया।

साइकिल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक किरण देव ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना ने प्रदेश की बेटियों को स्कूल आने-जाने में बड़ी सुविधा प्रदान की है। उन्होंने प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि बेटियां हैं तो कल है, बेटियां पढ़ेंगी तो विकास गढ़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरस्वती सायकल योजना प्रारंभ की गई है। उन्होंने सभी छात्राओं से बेहतर ढंग से पढ़ाई करने और अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने का आग्रह किया, जिसका लाभ उन्हें अपने जीवन में मिलेगा। साइकिल वितरण कार्यक्रम के उपरांत विधायक ने न्यौता भोज में शामिल होकर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामावाड़ा में बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया।





### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य बिंदू साहू एवं जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, खंड शिक्षा अधिकारी राजेश गुप्ता सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## नार्थ ईस्ट राइड में युवाओं ने दिया संदेश बस्तर नक्सल नहीं पर्यटन की धरती है

# 6500 किमी की यात्रा पूरी कर लौटा बस्तर का युवा दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के तीन युवा राइडर्स आईटी एंड डिजिटल कम्युनिटी (राइडर्स) के चन्दन दास दल प्रमुख, विवेक पगाड़ एवं भगत सिंह बघेल ने पूर्वोत्तर भारत की 6500 किलोमीटर की दुर्गम बाइक यात्रा पूरी कर बस्तर लौटे। दल प्रमुख चंदन दास ने रोमांच से भरपूर यात्रा का विवरण पत्रवार्ता में विस्तार से दिया। पार्षद नरसिंग राव ने आरंभ में राइडरों के विषय मे परिचय दिया।

- शांति, सौहार्द का संदेश लेकर पहुंचे 8 राज्यों व अंतर्राष्ट्रीय सीमा तक





बीएमडब्ल्यू आर-1300 और रॉयल एनफील्ड हिमालयन की गरजती रफ्तार के साथ शांति संदेश राइड में निकला यह दल 34 दिनों में भारत के आठ पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय, अरुणाचल, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड, मणिपुर और सिक्किम से गुजरता हुआ बांग्लादेश, भूटान, चीन और म्यांमार की सीमाओं तक पहुंचा।

पूर्वोत्तर की सदियों पुरानी आदिवासी परंपराएं, पहाड़ी रास्तों का रोमांच, घाटियों में फैलती बादलों की परतें और सेवन सिस्टर्स के रंगों ने इस यात्रा को अद्वितीय बना दिया। सफर के दौरान हर पड़ाव पर राइडर्स ने एक ही संदेश दिया बस्तर नक्सल नहीं पर्यटन की धरती है।

राइडर्स ने लोगों को बताया कि बस्तर केवल संघर्ष का भूगोल नहीं बल्कि देश का सबसे रहस्यमय, प्राकृतिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्र है झरने, विशाल वन, गुफाएं और जनजातीय संस्कृति जिसे देखने दुनिया भर के पर्यटक आ सकते हैं। नॉर्थ ईस्ट के कई राइडर्स ने भी बस्तर आने में रुचि दिखाई और राइडर्स से बस्तर के पर्यटन स्थलों की जानकारी ली। दल के प्रमुख चन्दन दास ने बताया कि आने वाले समय में बस्तर से 3000 राइडर्स का एक विशाल भारत-भ्रमण दल निकाला जाएगा ताकि राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ाया जा सके।

### सात बहनों की संस्कृति को महसूस किया

पूर्वोत्तर के दुर्गम पहाड़ों की सांस रोक देने वाली घाटियों से गुजरते हुए तीन राइडर्स ने 34 दिनों में देश के आठ राज्यों की धरती को छुआ। सीमावर्ती इलाकों तक पहुंचकर शांति का संदेश दिया। सात बहनों की संस्कृति को महसूस किया। नॉर्थ ईस्ट के राइडर्स से जुड़कर उन्हें बस्तर आने का निमंत्रण दिया और हर पड़ाव पर यह बताया कि बस्तर अब बदल चुका है यह संघर्ष नहीं, पर्यटन, प्रकृति और भाईचारे की नई पहचान है।

## नया भारत को गढ़ने में वकीलों की भूमिका अहम : सपन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने संघ कार्यालय में अधिवक्ता दिवस मनाया। साथ ही 30 से अधिक जज और अभियोजन अधिकारी बनने में मार्गदर्शन करने वाले दिनेश पानीग्राही का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ में डा. राजेंद प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एबीएपी की मध्य भारत की सह संयोजक

- अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने मनाया अधिवक्ता दिवस

झरना बांगर ने बताया भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिवस 3 दिसंबर पर भारत भर में अधिवक्ता दिवस होता है। राजेंद्र प्रसाद संविधान समिति के अध्यक्ष भी थे। इन सबके पहले वह वकील रहे हैं। एबीएपी के संभागीय अध्यक्ष सपन देवांगन ने बताया कि वकालत विश्व भर में अत्यंत सम्मानीय और गरिमामय पेशा है। भारत में भी वकालत गरिमामय और सत्कार के पेशे के तौर पर हर दौर में बना रहा है। स्वतंत्रता संग्राम में वकीलों से अधिक योगदान किसी और पेशे का नहीं रहा। स्वतंत्रता संग्राम में वकीलों ने जमकर लोहा लिया है। महात्मा गांधी से लेकर बीआर आंबेडकर तक लोग वकालत के पेशे से अपने जीवन की शुरूआत करने वाले रहे हैं। इन सब भारत की महान विभुतियों की प्रारंभिक पेशे वकालत ही रहे बाद में यह लोग भले ही राष्ट्रपति हुए। नया भारत को गढ़ने में वकीलों की भूमिका अहम रही।

वरिष्ठ अधिवक्ता एल. ईश्वर राव ने कहा कि आज के युग में अधिवक्ताओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए जो कि सरलता सहजता के पर्याय थे। अधिवक्ता का पेशा एक स्वत्रंत पेशा है ब्लकि यह पेशा समाज में एक विशिष्ट स्थान रखता है। कार्यक्रम का संचालन एबीएपी के संभागीय सचिव श्रीनिवास रथ ने किया उन्होंने राजेन्द्र प्रसाद के जीवनी के बारे विस्तार से बताया।

## शराब पीने के बाद बेहोश हुई महिला जवानों ने पहुंचाया अस्पताल



जगदलपुर। नानगुर थाना क्षेत्र के नेतानार में घटों शराब पीने के बाद एक महिला बेहोश हो गई। इसकी जानकारी परिजनों ने डॉयल 112 पर दी जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने महिला को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार जारी है। मामला नेतानार कोलावाड़ा का है। गुरूवार सुबह लगभग 36 किमी दूर घटनास्थल नेतानार गांव में पहुंची परपा बायसन टीम ने कॉलर से सम्पर्क किया तो उसने बताया कि मेरी मां सुकरी नाग पति फगुनू नाग लगभग 65 वर्ष कल से शराब पी रही थी जिसके बाद शराब पीकर वह बेहोश हो गई है और ना ही बोल पा रही है। टीम ने देखा तो पीड़ित महिला बेहोश थी जिससे बात करने की कोशिश करने पर वह बात नहीं कर पा रही थी। अस्पताल पहुंचाने में डॉयल 112 टीम की महिला आरक्षक दशरी नेताम व वाहन चालक मुकेश कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## इमरजेंसी सेवा 108 एंबुलेंस के थम सकते पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले में आपातकालीन सेवा 108 एंबुलेंस के पहिए थम सकते हैं। आपातकालीन एंबुलेंस में अपनी सेवा देने वाले कर्मचारियों को संबंधित एजेंसी ने 2 महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया है। कर्मचारियों ने बताया कि एजेंसी अक्सर वेतन भुगतान में लेटलतीफी करती है। समय पर वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों को घर चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को आपातकालीन एंबुलेंस के कर्मचारियों ने कलेक्टर, जिला श्रम अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के जिला अधिकारी को वेतन के संबंध में ज्ञापन सौंपा और समय पर वेतन भुगतान कराने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि बस्तर संभाग सहित प्रदेश के कई जिलों में एजेंसी ने कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया है और एजेंसी अलग-अलग बहाने बना रही है। बस्तर जिले में 12 एंबुलेंस अलग-अलग सरकारी अस्पतालों में तैनात हैं। प्रत्येक एंबुलेंस में ड्राइवर और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन द्वारा सेवा दी जाती है। जिले में लगभग 50 कर्मचारियों के जिम्मे आपातकालीन एंबुलेंस सेवा है।

- कर्मचारियों को 2 महीने से नहीं मिला वेतन



## बचेका ने जमीन रजिस्ट्री शुल्क बढ़ोतरी पर जताई आपत्ति



- मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा मांगपत्र

जगदलपुर। बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्टीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए जारी की गई नई जमीन गाइडलाइन को अव्यावहारिक और आम जनता के हितों के विपरीत बताते हुए गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। इसी संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम विस्तृत पत्र तैयार कर मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र बस्तर कलेक्टर को सौंपा गया।

पत्र में कहा गया है कि नई गाइडलाइन की दरें न केवल असंगत हैं, बल्कि 50 प्रतिशत से 500 प्रतिशत तक की अप्रत्याशित वृद्धि आम नागरिकों पर भारी आर्थिक बोझ डाल रही है। इससे न तो लोग जमीन खरीद पाएंगे और न ही आवश्यकता पड़ने पर अपनी जमीन बेच सकेंगे,क्योंकि वास्तविक बाजार मूल्य की तुलना में पंजीयन शुल्क, स्टाम्प शुल्क और अन्य रसीदों की राशि अनियंत्रित रूप से बढ़ गई है। इतना ही नहीं, अवास्तविक बढ़ोतरी के कारण विक्रय पर आयकर देनदारी भी बेवजह बढ़ जाएगी, जिसका सीधा नुकसान आम नागरिक को झेलना पड़ेगा।

चेम्बर ने उल्लेख किया कि सात वर्षों से गाइडलाइन में कोई संशोधन नहीं हुआ था। उस दौरान दरें अधिक होने के कारण सरकार ने 30 प्रतिशत रजिस्ट्री शुल्क में छूट प्रदान की थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है, जबकि पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत पर ही यथावत रखा गया है,जिसे पुनः पुराने स्तर 0.8 प्रतिशत पर लाया जाना चाहिए था। ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि दरों को लेकर भी गंभीर आपत्ति जताई गई है। पत्र में कहा गया है कि मुख्य मार्ग और अंदरूनी क्षेत्रों की जमीन के मूल्य लगभग समान रख देना न्यायसंगत नहीं है। साथ ही, पहले हेक्टेयर में भूमि खरीदी-बिक्री की प्रक्रिया अब 35 डिसमिल तक वर्गफुट में अनिवार्य करने का निर्णय भी अव्यावहारिक बताया गया है।

# चिड़पाल में पेयजल-बिजली संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दरभा ब्लॉक के चिड़पाल पंचायत में पेयजल, बिजली और मूलभूत सुविधाओं के बदहाल हालात को लेकर आम आदमी पार्टी ने आंदोलन छेड़ने की घोषणा की है। आप नेता समीर खान ने पंचायत भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से बातचीत कर समस्याओं की वास्तविक स्थिति को समझा। ग्रामीणों ने बताया कि करोड़ों की योजनाएं स्वीकृत होने के बावजूद 12 पारा आज भी पानी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। अधिकांश परिवार कुएं पर निर्भर हैं वहीं आश्रम के बच्चों को प्रतिदिन दो किलोमीटर दूर से पानी भरकर लाना पड़ रहा है।

- आम आदमी पार्टी शुरू करेगी सड़क-आंदोलन

उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी बस्तर में साफ पेयजल नहीं पहुंच पाना अत्यंत दुखद है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब शहरों में आधुनिक सुविधाओं की बात होती है तब बस्तर की पंचायतें पानी और बिजली जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रही हैं। यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो सभी पंचायतों को साथ लेकर जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।



### जर्जर हैंडपंपों और अधूरी योजनाएं

ग्रामीणों ने पानी संकट की गंभीरता से अवगत कराया। फिर आश्रम के बच्चों की समस्याएं सामने रखीं। इसके बाद बिजली कटौती, जर्जर हैंडपंपों और अधूरी योजनाओं की शिकायतों ने प्रशासन की लापरवाही को उजागर किया। प्रवास के दौरान अमित बघेल, बामन कवासी, श्रीराम कर्मा, संतु कुंजाम, बबलू कश्यप, लालो कवासी, बामन मांडवी सहित स्थानीय टीम उपस्थित रही।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सुविधाएं अपग्रेड, दोहरीकरण कार्य अंतिम चरण में

# जगदलपुर में शीघ्र बढ़ेगी यात्री ट्रेन सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्टेशन यार्ड जगदलपुर में कोचिंग ट्रेनों के रखरखाव के लिए कोचिंग डिपो का निर्माण शीघ्र शुरू होगा। इसके साथ पिट लाइन और तकनीकी ढांचे का विकास भी किया जाएगा। यह डिपो स्थानीय स्तर पर कोच मेंटेनेंस को मजबूती देगा और नई यात्री ट्रेनों के विस्तार का आधार बनेगा। विशाखापत्तनम रेल मंडल के एसीएम वर्मा पिछले तीन दिनों से जगदलपुर और आसपास के स्टेशनों का निरीक्षण कर नई यात्री गाड़ियों के विस्तार का जायजा ले रहे है। सूत्र बताते हैं कि रायगड़ा तक चलने वाली कई यात्री गाड़ियों को भविष्य में जगदलपुर तक बढ़ाने की योजना पर मंडल गंभीरता से विचार कर रहा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।




जगदलपुर रेलवे स्टेशन तेजी से बड़े बदलावों की ओर बढ़ रहा है। अमृत भारत स्टेशन के रूप में तैयार हो रहा यह स्टेशन अब आधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस होने जा रहा है। विस्तारित भवन, एस्केलेटर, लिफ्ट, पार्किंग क्षेत्र और 12 मीटर चौड़ा आरओबी जैसी सुविधाएँ यात्रियों को महानगरों जैसा अनुभव देंगी। किरंदुल, कोत्तवालसा (केके लाइन) दोहरीकरण कार्य 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है जबकि कोरापुट, रायगड़ा (केआर लाइन) में 80 प्रतिशत काम पूर्णता की ओर है। इन दोनों लाइनों के पूरा होते ही जगदलपुर से विभिन्न दिशाओं में ट्रेन संचालन क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी।

स्टेशन का जायजा पूर्व डीआरएम अनूप सतपथी और प्रसाद कर चुके हैं। विशाखापत्तनम मंडल के एसीएम वर्मा का तीन दिवसीय निरीक्षण नई यात्री गाड़ियों को जगदलपुर तक विस्तार देने की संभावनाओं को मजबूत कर रहा है। आने वाले दिनों में जगदलपुर स्टेशन महानगरों की तर्ज पर एक प्रमुख रेल जंक्शन के रूप में विकसित होगा।

### रेलमंत्री से मिलेंगे सांसद

जगदलपुर से संबंधित नई रेल कनेक्टिविटी के लिए रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव को पूर्व में पत्र के माध्यम से ध्यानाकर्षण कराया गया है। शीतकालीन सत्र में सम्मलित होने दिल्ली में हूं। इस दौरान रेलमंत्री से मुलाकात कर इन मांगों पर ध्यानाकर्षण कराऊंगा। इनमे हजरत निजामुद्दीन-जगदलपुर के बीच साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन नए अमृत भारत एक्सप्रेस के रैक वर्जन 3.0 से किया जाए । इसके अलावा 18107/18108 राउरकेला-जगदलपुर एक्सप्रेस का रूट विस्तार हटिया (रांची) तक किया जाए। जगदलपुर में कोचिंग डिपो, पिटलाइन के निर्माण के पश्चात 18309/18310 संबलपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस का रूट विस्तार जगदलपुर तक करने आदि अन्य मांग भी सम्मलित है।

**महेश कश्यप**, सांसद बस्तर

